# 11 वर्षीय लापता, बालक को पुलिस ने ऑपरेशन दृष्टि के तहत 11 दिन बाद सकुशल किया बरामद

» सद्भावना का प्रतीक



श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र के मध्यनगर मनोहरपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना इकौना में तहरीर दी थी कि उसका 11 वर्षीय भतीजा स्कूल के लिए घर से निकला, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना इकौना पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बालक की सकुशल बरामदगी के लिए टीम गठित की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती श्री राहुल भाटी के निर्देशन में थाना इकौना पुलिस टीम एवं एसओजी टीम को तलाश में लगाया गया। बच्चे की खोज के लिए ऑपरेशन दृष्टि के अंतर्गत लगे सीसीटीवी कैमरों तथा कुछ प्राइवेट कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया।

पुलिस टीम ने लगातार मानव एवं तकनीकी खुफिया जुटाते हुए और क्षेत्र में व्यक्तिगत तलाश करते हुए बच्चे की लोकेशन ट्रेस की।लगातार प्रयासों के बाद 23 अक्टूबर 2025 को पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर लिया। परिवारजनों द्वारा बालक की पहचान की पुष्टि कर ली गई है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।परिजनों ने बच्चे की सुरक्षित बरामदगी पर श्रावस्ती पुलिस के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया है।